Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ◘ अंक- 87 ◘ रायपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## देश में झूठ बोलने का ट्रेंड चल रहा : सुप्रिया श्रीनेत

**रायपुर,** 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)। आजकल देश में झूठ बोलने का ट्रेंड चल पड़ा है. जोर-जोर से झूठ बोला जा रहा है, इसलिए अब सच बोलने के लिए भी उतनी ही जोर से हुंकार भरने की ज़रूरत है. यह बात नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस का पक्ष रखने रायपुर पहुंची पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कही.

रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा के

### नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस प्रवक्ता का बयान

दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने बताया कि नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर देशभर में कांग्रेस द्वारा प्रेस वार्ताएं की जा रही हैं, जिससे सच को जनता के सामने रखा जा सके. सुप्रिया श्रीनेत ने चर्चा के दौरान प्रदेश की भाजपा सरकार पर भी हमला बोला है. उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर घंटे औसतन पांच नाबालिगों के साथ दुराचार की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो बेहद चिंता का विषय है. वहीं साय मंत्रिमंडल के विस्तार पर कहा कि यह भाजपा नेताओं का आपसी मामला हो सकता है, लेकिन इसका असर साफ तौर पर प्रशासनिक व्यवस्था पर दिखाई दे रहा है, जो पूरी तरह ठप नजर आ रही है.

## यस बैंक में 13 करोड़ के संदिग्ध लेनदेन पर हाईकोर्ट ने शासन से मांगा जवाब

**बिलासपुर,** 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के भिलाई में यस बैंक की एक शाखा में एक ही दिन में करोड़ों रुपए के संदिग्ध लेनदेन का मामला सामने आने के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की है। सरकार ने जांच के लिए और समय मांगा, जिस पर कोर्ट ने जांच की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी मांगी है।

दरअसल, यह मामला तब उजागर हुआ जब एक खाताधारक के खाते में अचानक किसी अज्ञात स्रोत से भारी राशि ट्रांसफर हुई। प्रभुनाथ मिश्रा नाम के व्यक्ति ने इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में दावा किया गया कि भिलाई के यस बैंक में एक ही दिन में 13 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि कई खातों में ट्रांसफर की गई, जिनका स्रोत और मकसद संदिग्ध हैं। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की खंडपीठ में इस याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य के महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि संदिग्ध खातों की शिनाख्त हो चुकी है और जांच चल रही है। कोर्ट ने इस मामले को गंभीर मानते हुए सरकार को निर्देश दिया कि अगली सुनवाई तक यह साफ करे कि अब तक की जांच में क्या पता चला है और आगे क्या कदम उठाए जाएंगे।

## ब्रेकिंग न्यूज

### खैरागढ़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने दिया इस्तीफा

**खैरागढ़,** 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजनीति में 'अंदर की बात' अक्सर बाहर देर से आती है, लेकिन खैरागढ़ में कांग्रेस की अंदरूनी कलह अब किसी पर्दे में नहीं रही. कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ठाकरे ने पद से इस्तीफा देकर उस वर्चस्व की लड़ाई पर मुहर लगा दी है, जिसकी सुगबुगाहट राजनीतिक गलियारों में लंबे समय से थी. ठाकरे ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भेजे पत्र में 'व्यक्तिगत एवं पारिवारिक कारणों' का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया है. जानकारों का कहना है कि यह सिर्फ दिखावटी कारण हैं. असल वजह पार्टी के भीतर चल रही रस्साकशी और अहम की जंग है, जिसने संगठन को भीतर से खोखला कर दिया. छुईखदान निवासी ठाकरे को जब खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला कांग्रेस की कमान सौंपी गई थी, तब से ही संगठन में दरारें दिखाई देने लगी थीं. विरोध की फुसफुसाहट कभी बैठक से बाहर नहीं आई, लेकिन अंदर ही अंदर असंतोष की आग सुलगती रही. ठाकरे ने हरसंभव कोशिश की कि तीनों क्षेत्रों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाया जाए, लेकिन 'ईगो' की दीवारें न टूट सकीं.

### बुरे फंसे महेश बाबू, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने थमाया नोटिस

नई दिल्ली, 22 अप्रैल (न्यूज चैनल)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू को रियल एस्टेट फर्मों साई सूर्या डेवलपर्स और सुराना ग्रुप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 27 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया है। जांच में इन कंपनियों पर अनधिकृत प्लॉट बेचने, एक ही प्लॉट की बार-बार बिक्री और फर्जी रजिस्ट्रेशन के वादे कर निवेशकों को ठगने का आरोप है।

महेश बाबू ने इन फर्मों की परियोजनाओं का प्रचार किया था, जिसके लिए उन्हें 5.9 करोड़ रुपये मिले। इसमें 3.4 करोड़ रुपये चेक और 2.5 करोड़ रुपये नकद भुगतान शामिल हैं। ईडी को संदेह है कि नकद राशि धोखाधड़ी से जुटाए गए धन का हिस्सा हो सकती है।16 अप्रैल को ईडी ने सिकंदराबाद, जुबली हिल्स और बोवेनपल्ली में छापेमारी की, जिसमें 74.5 लाख रुपये नकद और 100 करोड़ रुपये की अघोषित लेनदेन के दस्तावेज जब्त किए गए। तेलंगाना पुलिस ने साई सूर्या डेवलपर्स के सतीश चंद्र गुप्ता और सुराना ग्रुप के नरेंद्र सुराना के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की है। महेश बाबू इस मामले में साई सूर्या डेवलपर्स की ग्रीन मीडोज परियोजना के ब्रांड एंबेसडर थे। 32 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर नक्का विष्णु वर्धन सहित कई निवेशकों ने 2021 में इस परियोजना में 3 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया, लेकिन प्रोजेक्ट अधूरा रहा।

## ममता को देश की चिंता नहीं, अपनी कुर्सी की चिंता : कैलाश विजयवर्गीय

**रायपुर,** 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय रायपुर पहुंचे है, उन्होंने मीडिया से बातचीत में बंगाल हिंसा को लेकर कहा, उनका (ममता बनर्जी) प्रयास है कि वहां पर जितने जिले हैं उसे वह हिंदू विहीन करने का प्रयास कर रही हैं। उनको देश की चिंता नहीं है उनको सिर्फ अपनी कुर्सी की चिंता है और इसलिए जहां-जहां से भी हिंदू कम हो सके उसका प्रयास ममता जी कर रही हैं और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बंगाल में जगह दे रही हैं...एक तरीके से ममता जी को अपने देश के प्रति कोई स्नेह नहीं है बल्कि अपने कुर्सी के प्रति है इसलिए वहां पर विद्रोह हो रहा है और केंद्र सरकार इस मामले को लेकर गंभीर है।% पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने के सवाल पर उन्होंने आगे कहा, राज्यपाल जो रिपोर्ट देंगे उसके बाद सरकार उस पर विचार करेगी।

## आईएफएस अफसर को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार गलत एफआईआर दर्ज करने पर जताई नाराजगी

**बिलासपुर,** 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने बिलासपुर के रतनपुर स्थित महामाया मंदिर परिसर के कुंड में कछुओं की मौत को लेकर डीएफओ को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि डीएफओ कौन हैं, कितना पढ़े हैं, आईएफएस रैंक के अफसर हैं, उन्हें यह नहीं मालूम कि किस अपराध में क्या मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। दरअसल, हाईकोर्ट ने इस केस में गलत एफआईआर दर्ज करने पर नाराजगी जताई। साथ ही मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष को अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया। 24 मार्च को महामाया मंदिर परिसर स्थित कुंड में 23 कछुओं की मौत हो गई थी। दरअसल, महामाया मंदिर ट्रस्ट परिसर स्थित में कुंड में 23 कछुओं की मौत हो गई थी, जिस पर वन विभाग ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9 के तहत मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष और पुजारी सतीश शर्मा को आरोपी बनाया है। साथ ही मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी भी की है। वहीं, वन विभाग की टीम सतीश शर्मा की तलाश कर रही है। इस पर सतीश शर्मा ने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। इस मामले की पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वन विभाग से डायरी की मंगाई थी। साथ ही मामले में छ्स्रह्व को शपथपत्र प्रस्तुत करने कहा था।

## 383 बैग फूटा चना लेकर ड्रायवर फरार, एफआईआर दर्ज

**रायपुर,** 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में एक व्यापारी के साथ फूटा चना फ्रॉड हो गया. अब इस व्यापारी ने एफआईआर दर्ज कराई है और पूरे मामले की जांच रायपुर की विधानसभा थाना पुलिस कर रही है.

ग्राम जरौदा, थाना विधानसभा क्षेत्र में स्थित एच.एंड एस. फूड्स फर्म के मालिक संतोष राजपाल ने ट्रक ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर पर 8.54 लाख रुपये मूल्य के 383 बैग फूटा चने (114.90 क्विंटल) लेकर फरार होने का आरोप लगाया है. इस मामले में विधानसभा थाने में शिकायत दर्ज की गई है, और प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. शिकायतकर्ता संतोष राजपाल ने पुलिस को बताया कि उनकी फर्म एच.एंड एस. फूड्स ने 1 अप्रैल 2025 को दोपहर 4.5 बजे 383 बैग फूटा चना, जिसकी कीमत 8,54,240 रुपये थी, ट्रक नंबर एचपी-63 एफ 3638 में लोडकर ओजस्व ट्रेडर्स, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश भेजा था. ट्रक को ट्रांसपोर्टर एम.पी. रायपुर रोड कैरियर (कबीर नगर, गेट नंबर-2, हीरापुर, रायपुर) के माध्यम से भेजा गया, और इसका ड्राइवर सैयद फरहात हुसैन रिजवी था.ट्रक को प्रतापगढ़ पहुंचने में देरी होने पर संतोष राजपाल ने 4 अप्रैल को ओजस्व ट्रेडर्स से संपर्क किया, जिन्होंने बताया कि ट्रक अभी तक नहीं पहुंचा. इसके बाद प्रार्थी ने ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन दोनों के फोन बंद थे. जांच में पता चला कि

## पुल से अनियंत्रित बोलेरो नदी में गिरी, 8 लोगों की मौत

### बांदकपुर के दर्शन कर लौट रहे थे, दमोह में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (न्यूज चैनल)। मध्यप्रदेश के दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बनवार मार्ग पर सिमरी गांव के पास हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचे और घायलों को दमोह जिला अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत बनवार मार्ग पर सिमरी के समीप ये हादसा हुआ। महादेव घाट के पुल पर एक बोलेरो के अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी रखते ही पुलिस प्रशासन के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। सभी घायलों को दमोह के जिला अस्पताल भेजा गया है। घायलों में रज्जो सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी पौड़ी, वैभव सिंह पिता देवेंद्र उम्र 12 वर्ष, आयुष बहरोघाट जबलपुर, अंकित पिता रज्जो सिंह, रविंद्र पिता डोमेन उम्र 22 वर्ष निवासी बिजोरी शामिल हैं।

## बच्चे को ले जा रहा था तेंदुआ, दादा ने जान पर खेलकर पोते की बचाई जान

**गरियाबंद,** 22 अप्रैल (हाईवे चैनल)। जिले में छुरा क्षेत्र में एक दादा अपने चार के पोते को बचाने के लिए तेंदुए से भीड़ गए और उसके जबड़े से बच्चे को छुड़ा लिया. घटना में मासूम बच्चे को गले में चोट आई है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में बच्चे का इलाज जारी है. पूरी घटना छुरा विकासखंड के ग्राम कोठीगांव की है. सोमवार के शाम करीब 7 बजे दर्शन नेताम का बेटा (चार साल) प्रदीप नेताम अपने घर के आंगन में खेल रहा था. इस बीच एक जंगली तेंदुआ ने अचानक बच्चे पर हमला कर दिया और जबड़े में दबाकर जंगल की ओर भाग रहा था. घटना के दौरान घर पर सिर्फ बच्चा और उसके दादा थे. बच्चे के माता-पिता काम से वापस नहीं लौटे थे.

## पोप फ्रांसिस के निधन पर भारत में तीन दिनों का राजकीय शोक का ऐलान, आधा झुका रहेगा राष्ट्र ध्वज

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (न्यूज चैनल)। भारत सरकार ने पोप फ्रांसिस के निधन के बाद बड़ी घोषणा की है। सोमवार को 88 वर्ष की उम्र में पोप फ्रांसिस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बाद भारत ने उनके सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। इस संबंध में गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को निधन हो गया। उनके सम्मान में पूरे भारत में तीन दिवसीय राजकीय शोक रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार 22 अप्रैल और 23 अप्रैल को दो दिन का राजकीय शोक रहेगा। वहीं अंतिम संस्कार जिस दिन किया जाएगा उस दिन भी एक दिन का राजकीय शोक मनाया जाएगा। गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार राजकीय अशोक की अवधि के दौरान भारत में उन सभी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज को फहराया जाता है। बता दें कि राजकीय शोक की अवधि के दौरान मनोरंजन का कोई भी आधिकारिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा।

**पोप की याद में वेटिकन में हुई प्रार्थना-** पोप फ्रांसिस के निधन के बाद वेटिकन ने उनकी याद में सेंट पीटर्स स्क्वायर में एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया। सेंट पीटर्स बेसिलिका के मुख्य पादरी कार्डिनल माउरो गैम्बेटी ने सूर्यास्त के समय प्रार्थना सभा का नेतृत्व किया। पोप फ्रांसिस का सोमवार सुबह 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह प्रथम लातिन अमेरिकी पोप थे, जिन्होंने अपने करिश्माई व्यक्तित्व, विनम्र स्वभाव तथा गरीबों के प्रति चिंता के साथ पूरी दुनिया में लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। गैम्बेटी ने वेटिकन में प्रार्थना की शुरुआत करते हुए कहा, ''आज की शाम हम सब उनके लिए प्रार्थना करना चाहते हैं।

## जैसे को तैसा! नेशनल हेराल्ड की लूट बांसुरी स्वराज के बैग पर टिकीं नजरे

**नई दिल्ली,** 22 अप्रैल (न्यूज चैनल)। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज आज 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में भाग लेने के लिए संसद भवन पहुंचीं। इस बैठक में उन्होंने एक बैग लिया, जिस पर 'नेशनल हेराल्ड की लूट' लिखा था। बैग वाला बयान स्पष्ट रूप से गांधी परिवार और कांग्रेस पर लक्षित था। साथ ही, यह कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा पर भी कटाक्ष है, जो अपने बैग से संदेश भेजने के लिए जानी जाती हैं। दिसंबर में वाड्रा ने फिलिस्तीन लिखा हुआ एक बैग लेकर विवाद खड़ा कर दिया था। इस बैग पर भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी, जिन्होंने उन पर सांप्रदायिक रुख अपनाने और बांग्लादेशी हिंदुओं से संबंधित मुद्दों पर चुप रहने का आरोप लगाया था।

### प्रियंका को भी जवाब

कांग्रेस नेता ने कटाक्षों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अब मैं क्या कपड़े पहनूँगी, यह कौन तय करेगा? यह तय करने वाला कौन है? यह सामान्य पितृसत्ता है कि आप तय करते हैं कि महिलाएँ क्या पहनें। मैं ऐसा नहीं मानती। मैं वही पहनूँगी जो मैं चाहती हूँ। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार कहा है कि इस बारे में मेरी क्या मान्यताएँ हैं। अगर आप मेरे ट्विटर हैंडल को देखें, तो मेरी सभी टिप्पणियाँ वहाँ हैं। अगले दिन, एक और कड़ा संदेश देते हुए, उन्होंने एक बैग उठाया जिस पर लिखा था बांग्लादेशी हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों।

यह इशारा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाओं की ओर था। कांग्रेस नेता के बैग वाले कदम का विरोध करते हुए भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने उन्हें लाल रंग में %1984% लिखा हुआ एक बैग भेंट किया, जो प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए सिख विरोधी दंगों का संदर्भ था।

## बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, सोना का भाव एक लाख पहुंच गया है...!

चुहिया- हां जी, अब तो 'सोना' ही हराम हो गया...!